प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस नोट–33 दिनांक 28 नवंबर 2025

**मतदाताओं तक अपनी पंहुच सुनिश्चित करें अधिकारी– मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

**– मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली सभी जनपदों की समीक्षा बैठक**

**– जिला और विधानसभा स्तर पर राजनैतिक दलों से हर 15 दिनों में करें बैठक**

**– पूरे प्रदेश में किया जाए** बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों,बीएलए की नियुक्ति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी,ईआरओ और बीएलओ मतदाताओं के बीच अपनी पहुच सुनिश्चि करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर एक हेल्प डेस्क का गठन किया जाए ताकि जो लोग उत्तराखण्ड के 2003 की सूची में अपनी जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें मदद मिल सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जो मतदाता वर्तमान में दूसरे स्थानों पर शिफ्ट हो गए हैं उनसे बीएलओ व्यग्तिगत रुप से संपर्क कर उनकी निर्धारित कैटेगरी में मैपिंग करें। उन्होंने कहा कि इस पूरी तैयारी का उद्देश्य यह है कि मतदाताओं को एसआईआर के समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप “बैग” का गठन करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे,संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।

********